आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :263 पृष्ठ -4 दिनांक 19 सितम्बर 2024 दिन वृहस्पतिवार

# अयोध्या राम मंदिर निर्माण में आई तेजी, उपमंदिर और परिसर निर्माण पर खर्च होंगे करोड़ों रुपये

## वित्तीय वर्ष में कुल 850 करोड़ रूपये व्यय करने की तैयारी




अयोध्या राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं. इस बीच राम मंदिर निर्माण के दूसरे चरण का काम भी तेजी से किया जा रहा हैं. इसमें प्रथम तल का काम तो लगभग पूरा हो गया है लेकिन द्वितीय दल का कार्य 50 फीसद तक पूरा हो गया है. श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष में मंदिर परिसर में निर्माण कार्य पर 850 करोड़ रुपये खर्च होने है. राम मंदिर परिसर में अभी परकोटा समेत सात ऋषियों–मुनियों व छह देवी–देवताओं के मंदिरों को भी आकार दिया जा रहा है. ये सारा निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है. ट्रस्ट ने इस वित्तीय वर्ष में कुल 850 करोड़ रुपये विविध मदों में व्यय करने की तैयारी है. मंदिर निर्माण में 850 करोड़ का खर्च श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इसे लेकर हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023–34 का लेखा–जोखा सार्वजनिक किया था, जिसमें आधारभूत संरचना के विकास व राजस्व मदों में हुए सारे खर्च को मिलाकर कुल 1800 करोड़ रुपये का खर्चा आया है. उन्होंने बताया कि इस साल कुल वास्तविक खर्च 776 करोड़ रुपये रहा. जिनमें 540 करोड़ रुपये मंदिर निर्माण और 236 करोड़ रुपये अन्य पर किया गया, इसमें प्राण प्रतिष्ठा में खर्च की गई राशि भी शामिल है. चंपत राय ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में मंदिर निर्माण के कार्य पर 850 करोड़ रुपये का खर्च होना है. इनमें 670 करोड़ रुपये मंदिर परिसर में बन रहे दूसरे मंदिरों पर लगाए जाने हैं तो वहीं 180 करोड़ रुपये परिसर के दूसरे कामों पर लगाए जाएंगेआपको बता दें कि राम मंदिर परिसर में इन दिनों मंदिर के दूसरे तल पर निर्माण कार्य चल रहा है. इसके साथ ही यहां सप्त मंडपम, छह देवी–देवताओं के मंदिर और परकोटे के काम हो रहा है. इसके लिए मंदिर परिसर में संग्रहालय, गेस्ट हाउस, सड़कें, पावर प्लांट समेत दूसरी जगहों पर काम हो रहा है. नई तिथि के अनुसार अगले साल जून तक राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा.

### अमरोहा मडर BJP विधायक के मामा की हत्या, घर में घुसकर सीने में मारी गोली, मचा हड़कंप



उत्तर प्रदेश के अमरोहा में भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के मामा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. बीजेपी विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी अमरोहा की हसनपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं. हत्या उस वक्त की गई जब बीजेपी विधायक के मामा घर में सो रहे थे. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. हत्या की ये वारदात अमरोहा के थाना हसनपुर इलाके के घनसुर पुर गांव की है. जहां बीजेपी विधायक महेंद्र सिंह के मामा सत्य प्रकअपने घर के अंदर सो रहे थे, इस दौरान उनके सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई है. हत्या किसने की और इसके पीछे की वजहों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. घर में घुसकर मारी गोलीघर के अंदर घुसकर बुजुर्ग की हत्या से पूरे गांव में कोहराम मच गया है. वहीं पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं. मामला बीजेपी के विधायक से जुड़ा है ऐसे में पुलिस के कान भी खड़े हो गए हैं. घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस के तमाम बड़े आला अधिकारी मौके पर पहुँच गए और जांच पड़ताल की. हत्या की वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई हैं. पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया की बुजुर्ग सत्य प्रकाश की सीने में गोली मारकर हत्या की गई है. पुलिस इस मामले में परिवार के सदस्यों और आ. सपास के लोगों और पूछताछ कर रही है. हत्या की वजह साफ नहीं है. पुलिस ने आरोपियों की धर पकड़ के लिए कई टीमें गठित की है. आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जाँच की जाएगी ताकि हत्यारों का सुराग मिल सके. पुलिस ने परिवार की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है. मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी.

## वृंदावन स्टेशन के पास मालगाड़ी 25 डिब्बे पटरी से उतरे



उत्तर प्रदेश से एक और रेल हादसे की खबर सामने आई है. मथुरा में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए हैं. घटना बुधवार की रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है. हालांकि अभी तक घटना कितने बजे हुई है इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. लेकिन मालगाड़ी के लगभग 25 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं.इस घटना के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है. रेलवे के आलाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं. पूरी घटना वृंदावन स्टेशन की बताई जा रही है. रेलवे द्वारा इस घटना के संबंध में जानकारी दी गई है. आगरा मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल ने बताया, एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है. ट्रेन के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं. हम यहां स्थिति का आकलन कर रहे हैं. तीसरी लाइन पर यातायात प्रभावित हुआ है. चौथी लाइन पर यातायात चालू है. जबकि जानकारों की मानें तो इस घटना के बाद आगरा–दिल्ली रूट बाधित है. कई ट्रेन इस घटना के बाद लेट हो रही हैं. हालांकि इस घटना के कुछ देर बाद जानकारी मिलते ही अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और अब आगे रेस्क्यू शुरू कर दिया गया है. दरअसल, बीते दिनों के दौरान हुए रेल हादसे काफी सुर्खियों में रहे हैं. अब एक बार फिर मालगाड़ी हादसे का शिकार होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं. बिहार में भी एक हादसा वहीं एएनआई को पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया, बिहार के सोनपुर मंडल के नारायणपुर अनंत यार्ड के प्वाइंट संख्या 67 के पास मैकेनिकल रेक के 04 वैगनों के पटरी से उतर जाने के कारण इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है उन्होंने बताया कि परिचालन बहाल करने के लिए सोनपुर, समस्तीपुर और बरौनी से ART मौके पर पहुंच गई है. इस घटना के कारण 13 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है, तथा तीन ट्रेनों को आंशिक समापन प्रारंभ के साथ चलाया जाना है.

## जैसे कुत्ते की दुम सीधी नहीं हो सकती, वैसे सपा के गुंडे भी, ..... सीएम योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि भू–माफियाओं के खिलाफ कार. ‘वाई हो रही है तो इनके सरगना को तकलीफ हो रही है. सीएम योगी ने गुरुवार को अयोध्या को 1004 करोड़ रुपये की सौगात दी. सीएम योगी ने कहा, श्जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही समाजवादी पार्टी के दि. रंदे, जो बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वे भी कभी ठीक नहीं हो सकते. इनको कानून के दायरे में लाकर हमारी सरकार वही कार्य कर रही है, जिसके ये पात्र हैं.श्मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कालेज में 83 करोड़ की 37 योजनाओं का लोक. ार्पण किया. इस दौरान सीएम ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन ला. `गों ने अयोध्या को राम भक्तों के लहू से सींचने का काम किया है, वो आज अयोध्या में जमीन घोटाले का आरोप लगा रहे हैं.मुआवजा लोगों को दिया गया– सीएमउन्होंने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ है, बल्कि विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के बदले 1,700 करोड़ रुपये का मुआवजा लोगों को दिया गया है. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से करोड़ों राम भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं. प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने से सुरक्षा और विकास का वातावरण बना है.सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं. अब प्रदेश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है. डबल इंजन की सरकार ने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है. सीएम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस को दंगा फैलाने का अवसर मत दो. उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पहले बबुआ बारह बजे तक सोता था. उसके गुर्गे प्रदेश लूटते थे. गरीब का राशन समा. जवादी पार्टी के गुंडे हजम कर जाते थे. किसी गरीब को राशन नहीं मिलता था. जो जितना बड़ा गुंडा था, समाजवादी पार्टी में उसका स्वागत था

## UP वालों के लिए बड़ी खबर, चलेंगी 120 इलेक्ट्रिक बसें




### पांच क्षेत्रों के कई रूट्स पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी

उत्तर प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दृष्टि से इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक जोर दिया जा रहा है. इसी कड़ी में आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में नई 120 इलेक्ट्रिक बसों के शामिल करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो गई है और इसके लिए विभाग जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने वाला है. उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ये बसें अलीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, अयोध्या और गोरखपुर क्षेत्र में संचालित करेगी. इसमें अलीगढ़–मुरादाबाद क्षेत्र में 30–30 इलेक्ट्रिक बसें, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में 20–20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी. इस रूट पर चलेगी ये इलेक्ट्रिक बसेंजानकारी के मुताबिक अलीगढ़ क्षेत्र में अलीगढ़– नोएडा वाया जेवर 10, अलीगढ़–बालाबागड़–फरीदाबाद 04, अलीगढ़–मथुरा 04, अलीगढ़–कौशाम्बी वाया खुर्जा 08, अलीगढ़–डिबाई–अनूपशहर–संभल–मुरादाबाद रूट पर 4 बसें संचालित होंगी. इसी प्रकार मुरादाबाद क्षेत्र में कुल 30 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी. मुरादाबाद–कौशाम्बी रूट पर 10, मुरादाबाद–मेरठ रूट पर 06, मुरादाबाद–नजीबाबाद कोटवार रूट पर 4, कटघर–बरेली रूट पर 2, कटघर–हल्द्वानी रूट पर 4, कटघर–अलीगढ़ रूट पर 2 एवं कटघर–रामनगर रूट पर 2 इलेक्ट्रिक बसों संचालित होंगी.न्च्त्ज्ब में होगी महिला कंडक्टर्स की भर्ती, जल्द होगा ऐलान, इस आधार पर मिलेगा नौक. रीलखनऊ में होगा ये रूटलखनऊ क्षेत्र में न्यू बाराबंकी स्टेशन–अवध बस स्टेशन रूट पर 20 इलेक्ट्रिक बसें संचा. लित की जायेगी. इसी प्रकार अयोध्या क्षेत्र में अयोध्या–लखनऊ रूट पर 4, अयोध्या–गोरखपुर रूट पर 4, अयोध्या–प्रयागराज–गोण्डा रूट पर 6 और अयोध्या–सुलतानपुर–वाराणसी रूट पर 6 बसों का संचालन किया जायेगा. अयोध्या क्षेत्र में भी 20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी. गोरखपुर में यहां चलेंगी बसें इसके अलावा गोरखपुर क्षेत्र में कुल 20 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा.

गोरखपुर–आजमगढ़–वाराणसी रूट पर 3, गोरखपुर–गाजीपुर–वाराणसी रूट पर 3, गोरखपुर–अयोध्या रूट पर 4, गोरखपुर–सोनौली रूट पर 4, गोरखपुर–महराजगंज–ठूठीबारी रूट पर 2, गोरखपुर–सिद्धार्थनगर, गोरखपुर–पडरौना रूट पर एक–एक एवं गोरखपुर–तमकुही रूट पर 2 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा.

## चिराग पासवान की पार्टी के सांसद ने CM योगी से की मुलाकात



केंद्र सरकार में एनडीए की सहयोगी चिराग पा. सवान की लोक जनशक्ति पार्टी (आर) की युवा सांसद शांभवी चौधरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं. शांभवी ने सीएम योगी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया. इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है. इस दौरान उनके साथ सायण कुणाल भी मौजूद रहें. सीएम योगी आदित्यनाथ के दफ्तर की ओर से इस मुलाकात की तस्वीरें शेयर की गई है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा– श्मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से आज लखनऊ में बिहार के समस्तीपुर लोक सभा क्षेत्र की माननीय सांसद श्रीमती शाम्भवी जी ने शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर श्री सायण कुणाल जी भी उपस्थित रहे.श इन तस्वीरों के सामने आने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है. लोकजनशक्ति पार्टी साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ उतरने की तैयारी में जुटी है. पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान बिहार के समस्तीपुर से एलजेपी सांसद शांभवी चौधरी को उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी बनाया है. उन्हें उत्तर प्रदेश में एलजेपी के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है. जिसके बाद से शांभवी चौधरी यूपी में सक्रिय दिखाई दे रही हैं. यूपी का सहप्रभारी बनाए जाने के बाद बुधवार को शांभवी चौधरी पहली बार अयोध्या पहुंची, जहां उन्होंने रामलला के दर्शन और पूजन किए. इस दौरान उन्होंने कहा कि एलजेपी 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. चिराग पासवान चाहते हैं कि जिस तरह बिहार में उनकी अहम भूमिका है उसी तरह यूपी में भी उनकी पार्टी सियासी भूमिका निभाए. जिसे देखते हुए उन्हें यूपी में एलजेपी के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है. शांभवी चौधरी ने कहा कि हम यूपी में अपनी पार्टी को नई पहचान देने के लिए काम करेंगे. एलजेपी दूसरे दलों को तोड़ने पर नहीं बल्कि अपनी जमीन बनाने में भरोसा करती है. बता दें कि एलजेपी के संस्थापक रामविलास पा. सवान 1985 में यूपी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं.

# अखिलेश यादव पर बुरी तरह भड़के सीएम योगी, संस्कार का जिक्र कर ये क्या कह दिया?

## सीएम योगी ने सपा अध्यक्ष पर जमकर भड़ास निकाली



यूपी उपचुनाव की तैयारियों के बीच सीएम योगी और अखिलेश यादव में जुबानी जंग देखने को मिल रही है. बुधवार को सीएम योगी ने सपा अध्यक्ष पर जमकर भड़ास निकाली.उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जुबानी जंग संस्कारों तक पहुंच गई है. सीएम योगी ने सपा अध्यक्ष पर संस्कारों जिक्र करते हुए जोरदार हमला किया और कहा कि ये उनके संस्कार है जो भारत की संत परंपरा को माफिया कहते हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे थे, जहां उन्होंने अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ष्माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाला व्यक्ति, दंगाईयों के सामने घुटने टेकने वाला व्यक्ति आज भारत की संत परंपरा को माफिया कहता है, ये उनके संस्कार है. सीएम योगी ने कहा कि अखिलेश यादव में औरंगजेब की आत्मा घुस गई है जो फिर से इनको हिन्दू विरोधी आचरण के लिए उन्हें फिर से प्रोत्साहित कर रही है.सीएम योगी ने अखिलेश यादव को घेरासीएम योगी ने कहा कि अगर सपा का सही चेहरा देखना हो तो उनका चेहरा वहीं है जो भदरसा में समाजवादी पार्टी के नेता मोइद खान ने किया है. कन्नौज में इनका एक नवाब सिंह यादव है उसने भी एक बेटी से ऐसा ही कृत्य किया है. सीएम योगी ने 2017 से पहले सपा सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि दस साल पहले सपा की सरकार में यूपी में अराजकता का माहौल होता था. महिलाएं असुरक्षित थी और गुंडा टैक्स लेने वालों के सामने सरकार के लोग नतमस्तक रहते थे. दरअसल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में फर्जी एनकाउंटर को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा था कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा अंतर नहीं होती हैउन्होंने कहा की यूपी में बीजेपी चुनाव हार गई है इसलिए मुख्यमंत्री गुस्से में घूम रहे हैं. उन्होंने प्रदेश का एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है. अखिलेश यादव ने कहा कि नक. ारात्मक दिल और दिमाग वाले लोग विनाश ही कर सकते हैं विकास नहीं. जो हार्ट लेस है उनसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है. अखिलेश यादव के मठाधीश वाले

बयान पर साधु संतों ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद यूपी में कई जगह उनके बयान का विरोध भी देखने को मिला.

### वाराणसी में लापता किन्नर की कुएं में मिली लाश, साथी किन्नरों ने हत्या का लगाया आरोप

वाराणसी के मिर्जामुराद में एक किन्नर की कुएं में लाश मिलने से हड़कंप मच गया. मृतक किन्नर की पहचान चांदनी पटेल के रूप में हुई है. परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कियावाराणसी में मिर्जामुराद क्षेत्र में एक किन्नर की कुएं में लाश मिलने से हड़कंप मच गया. इसके बाद साथियों ने घंटो तक जमकर हंगामा किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदनी पटेल बीते कुछ दिनों से लापता था, घर वालों की तरफ से उसकी खोजबीन की जा रही थी. लेकिन मिर्जामुराद क्षेत्र के पिलोरी गांव स्थित एक कुएं में चांदनी की लाश मिली, जिसके बाद परिजनों और साथियों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सड़कों पर जमकर हंगामा किया. इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सभी को समझा बुझाकर यातायात पुनः सामान्य रूप से शुरू कराया गया. वाराणसी के मिर्जामुराद के पिलोरी गांव स्थित एक कुएं में स्थानीय लोगों को दुर्गंध महसूस हुआ. इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा निकटतम पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी गई. पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से लाश को कुएं से बाहर निकाला. परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप स्थानीय लोगों और हाथ पर बने चिन्ह की मदद से लाश की पहचान हो पाई. इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई. परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि चांदनी के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, और इस तरह से उसका लाश मिलना यह स्पष्ट बताता है कि उसकी हत्या की गई है. इस दौरान परिजनों और साथी किन्नरों ने जमकर हंगामा किया.पुलिस ने समझा बुझाकर यातायात चालू कराया काफी देर तक हंगामे के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल रहा. पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत से परिजनों को समझाया गया. परिजनों द्वारा लगातार हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा था. पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों कों आश्वस्त किया गया कि मामले की जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी. पुलिस प्रशासन द्वारा समझाने बुझाने के बाद प्रभावित यातायात सामान्य रूप से पुनः चालू हो सका.

## आतिशी के साथ ये 5 नेता लेंगे मंत्री पद की शपथ



आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आ. तिशी 21 सितंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी. इसी के साथ अब ये चर्चा भी चरम पर है कि उनके साथ आम आदमी पार्टी के कौन–कौन से विधायक मंत्री के रूप में शपथ लेंगे. कुछ महीने के बाद विधानसभा चुनाव होने की वजह से इस बात पर भी जोर दिया गया है कि सभी वर्गों के लोगों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिले.

इस बीच सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में गा. `पाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे. नए चेहरे के तौर पर मुकेश अहलावत मंत्री बनेंगे. मुकेश अहलावत दलित समाज से आते है. सुल्तानपुर माजरा से ।।च विधायक हैं. अहलावत पहली बार के विधायक हैं.क्यों मुकेश अहलावत को बनाया गया मंत्री? जानेंनिवर्तमान मंत्रिमंडल में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन शामिल हैं. निर्वतमान केजरीवाल कैबिनेट में कोई भी दलित मंत्री नहीं था. ऐसा इसलिए क्योंकि राजेंद्र पाल गौतम ने एक बयान को लेकर विवाद में आने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था.उनके स्थान पर राज कुमार आनंद को मंत्री बनाया गया, लेकिन लो. कसभा चुनाव से पहले उन्होंने मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया. उसके बाद से अर. विंद केजरीवाल सरकार में दलित समुदाय से कोई मंत्री नहीं था. दलित चेहरे के तौर पर विशेष रवि और कुलदीप कुमार का भी नाम आया था, लेकिन रेस में अहलावत आगे निकल गए. लोकसभा चुनाव के दौरान भी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से उम्मीदवार के तौर पर मुकेश अहलावत का नाम चर्चा में था. हालांकि गठबंधन की वजह से ये सीट कांग्रेस को चली गई थी.अहलावत ने 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार राम चंदर चावड़िया को हराया था. तीसरे स्थान पर कांग्रेस उम्मीदवार जय किशन रहे थे. मुकेश अहलावत को 74,573 वोट मिले थे. वहीं चावड़िया को 26,521 वोट और कांग्रेस उम्मीदवार को 9,033 वोट मिले.

## एचटी लाइन टूटकर गिरने से 7 घरों में दौड़ा करंट, 30 से अधिक लोग झुलसे, इलाके में हड़कंप

उत्तर प्रदेश के कन्नौज से बड़ी खबर सामने आई है, जहां छतों पर एचटी लाइन गिरने से 30 से अधिक लोग झुलस गए. घरों के ऊपर से निकली एचटी लाइन टूटकर गिरने से 7 घरों में करंट दौड़ गया. करंट की चपेट में आने से महिलाएं और पुरुष भी आ गए है. स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. बता दें कि इस घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. गुरसहायगंज कोतवाली के सीमांत नगर में हाईटेंशन तार के गिरने से हुआ. इस घटना के होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. ग्रामीणों ने विद्युत विभाग कोसूचना दी तब जाकर बिजली सप्लाई को बंद किया गया. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 15 मिनट तक करंट दौड़ता रहा. जिससे फ्रिज कूलर इन्वेंटर आदि उपकरण जल गए. घटना के बाद लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली. वहीं सभी घायलों का इलाज जारी है. डॉक्टरों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है. शिकायत के बाद भी नहीं हटी एचटी लाइन छतों पर एचटी लाइन गिरने से ग्रामीणों में आक्रोश है. ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की शिकायत कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई. लेकिन ग्रामीणों द्वारा कई बार बोलने के बाद भी अधिकारियों ने इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की. जिसके कारण यह हादसा हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि एचटी लाइन को अंडरग्रा. उंड की जाए. अगर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो हम लोग इसके लिए धरना प्रदर्शन करेंगे.।

### डांस को लेकर हुई कहासुनी, नाराज शख्स ने तीन को चाकुओं से गोदा, एक की मौत




दिल्ली के मंगोलपुरी थाना इलाके में महज डांस को लेकर हुए विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि एक शख्स ने तीन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया. इस वारदात में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है. थाना पुलिस ने मृतक की पहचान मंगल (32) के रूप में की है. वह मंगोलपुरी इलाके का रहने वाला था. इस मामले में पुलिस ने वारदात के महज छह घंटो के भीतर ही हत्या और हत्या के प्रयास के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. दिल्ली पुलिस ने दोनों हत्यारों की पहचान नितेश उर्फ मोगी और अभिषेक उर्फ लाडला उर्फ अभी के तौर पर की है. दोनों आरोपी भी मंगोलपुरी का ही रहने वाला है.

क्या है पूरा मामला? डीसीपी जिमी चिरम के मुताबिक 17 और 18 सितंबर की दरम्यानी रात मंगोलपुरी थाना पुलिस को पीसीआर कॉल से तीन लोगों को चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस टीम मंगोलपुरी के वाल्मीकि मंदिर के पास मौके पर पहुंची. स्थानीय लोगों से पूछताछ में पुलिस को सभी घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल ले जाये जाने की सूचना मिली. इस पर तुरंत ही पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां पुलिस को घायल कुणाल और नीरज को इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर करने की सूचना मिली. जबकि इलाज के दौरान एक घायल मंगल को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया. घायल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज थाना पुलिस को घायल नीरज ने बताया कि उसे और उसके भाई कुणाल के अलावा चाचा मंगल को दो लोगों नितेश उर्फ मोगी और अभिषेक उर्फ लाडला ने चाकू मारा था. पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या और हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है.

### जुआ खेलते थे मुलायम सिंह यादव, जुए में जीती साइकिल.., AIMIM नेता का आपत्तिजनक बयान



उत्तर प्रदेश में असदुद्दीन ओवैसी का पार्टी एआईएमआईएम के अध्यक्ष शौकत अली ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को लेकर विवादित बयान दिया है. शौकत अली ने कहा कि मुलायम सिंह जुआ खेलते थे, उन्होंने जुए में ही पहली बार साइकिल जीती थी. इसलिए उन्होंने अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह साइकिल रखा. एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा सीट पर एक जनसभा को संबोधित करने पहुँचे थे जहां उन्होंने ये बात कही. शौकत अली ने सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव जुआ खेलते थे और जुए में पहली बार उन्होंने साईकिल जीती थी. इसलिए उन्होंने समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह साईकिल रखा था. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी भी जमकर निशाना साधा. यूपी उपचुनाव में उतरने की तैयारी यूपी की दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है. एआईएमआईएम ने यूपी उपचुनाव लड़ने की घोषणा की है. ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (।प्डप्ड) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी यूपी में नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद से हाथ मिलाने जा रहे हैं. अगर ऐसा होता है तो इससे समाजवादी पार्टी के पीडीए को जोरदार झटका लगा सकता है. इस गठबंधन से सबसे ज्यादा नुकसा समा. जवादी पार्टी को होगा. क्योंकि ये गठजोड़ सीधा सपा के पीडीए फॉर्मूले में सेंध लगा सकता है. वहीं दलितों को रिझाने में लगी कांग्रेस को भी इससे काफी नुकसान हो सकता है. यूपी में गठबंधन की तैयारी के बीच एआईएमआईएम एक्टिव हो गई है. एआईएमआईएम मुस्लिम बहुल सीटों पर प्रत्याशी उतार सकती है. इनमें एक सीट कुंदरकी भी है. कुंदरकी सपा नेता जियाउर्रहमान बर्क के सांसद बन जाने के बाद खाली हुई है. इस सीट पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं. जाहिर है असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के बीच गठबंधन हुआ तो आने वाले समय में यूपी की सियासत में बदलाव देखने को मिल सकता है.

# मंदिर में हुई चोरी का खुलासा,एक आरोपी गिरफ्तार, सामान हुआ बरामद

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महानगर वीरांगना कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना अलीगढ़ की ने जिला अध्यक्ष वीरांगना ममता सिंह के दिशा निर्देशन में महानगर अध्यक्ष वीरांगना पूजा सेंगर के नेतृत्व में महानगर कार्यकारिणी का विस्तार तालानगरी स्थित शक्ति कुंज कॉलोनी में किया गया। राज. कुमारी चौहान महानगर संगठन मंत्री, नीतू पुंढीर महानगर उपाध्यक्ष, रिंकी चौहान महानगर उपाध्यक्ष, डॉली चौहान महानगर मंत्री, प्रीति राघव महानगर संगठन मंत्री, मनोज राघव महानगर मंत्री वीरांगना नियुक्त की गईं। सभी नवनियुक्त बहनों को महानगर अध्यक्ष वीरांगना पूजा सेंगर ने पट्टिका और पुष्प माला पहना कर स्वागत किया और शुभकामनायें दीं। जिला अध्यक्ष वीरांगना ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी बहनों को नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी और कहा की संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को निष्ठा पूर्वक निभाएं। नीरू, मीनाक्षी, डॉली और आकृति भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।



हाथरस सदर कोतवाली क्षेत्र के नयागंज स्थित मथुरानाथ मंदिर से चांदी की छड़ी, चांदी की दो बांसुरी, चांदी की गाय, मोर, शेर, झुनझुना आदि चोरी हो गया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया।हाथरस सदर कोतवाली क्षेत्र के नयागंज स्थित मथुरानाथ मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मंदिर से चोरी हुआ सामान भी बरामद किया है।31 अगस्त को गोपेश्वर चतुर्वेदी निवासी डिब्बा गली नयागंज ने सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा था कि मंदिर से चांदी की छड़ी, चांदी की दो बांसुरी, चांदी की गाय, मोर, शेर, झुनझुना आदि चोरी हो गया है। घटना के खुलासे के लिए एसपी निपुण अग्रवाल ने पुलिस टीमों का गठन किया था। सीओ सदर ने बताया कि मंदिर में चोरी के एक आरोपी को पुलिस टीमों ने जलेसर रोड स्थित गंदा नाला के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो गाय की मूर्ति, एक बांसुरी और खिलौना आदि सामान बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोहिल उर्फ चुईया पुत्र नईम निवासी कांशीराम कॉलोनी थाना सदर कोतवाली बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ कोतवाली में पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है।

## विवाहिता का शव कमरें में लटका मिला, चिता से निकाला अधजला शव, हत्या का आरोप, पति हिरासत में



अलीगढ़ के दादों क्षेत्र अंतर्गत गांव निनामई में 18 सितंबर की सुबह एक विवाहिता का शव अपने कमरे में फंदे पर लटका मिला। ससुराल वाले शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में ले गए और चिता को आग लगा दी। इसी बीच मायके वालों से मिली खबर पर पुलिस पहुंच गई। पानी डालकर चिता बुझाकर पुलिस ने अधजला शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है।गांव निनामई निवासी वर्षा (23) पत्नी बिट्टू का शव 18 सितंबर की सुबह आठ बजे घर के बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला था। ससुराल वालों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। आरोप है कि मायके पक्ष को खबर दिए बिना ही जल्दबाजी में शव को श्मशान में ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।उधर गांव से खबर पाकर मायके वाले पहुंच गए। उन्होंने हत्या कर जल्दबाजी में शव जलाने की सूचना दे दी तो पुलिस श्मशान में पहुंच गई। पुलिस को देखते ही ससुराल वाले भाग निकले, लेकिन पति को पुलिस ने दबोच लिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मलिक के अनुसार तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।तीन माह पहले हुई थी शादी

कासगंज जनपद के थाना सोरों के गांव बीवी सलेमपुर निवासी ढाल सिंह की बेटी वर्षा की शादी तीन माह पहले ही निनामई निवासी बिट्टू के साथ हुई थी। बताते हैं कि 16 सितंबर को पति वर्षा को उसके मायके छोड़ आया था, लेकिन 17 सितंबर को भाई उसे ससुराल में छोड़ गया था। 18 सितंबर की सुबह वर्षा दुनिया से चली गई।

## इस दिवाली 100 करोड़ के पार पहुंचेगा मूर्ति कारोबार, मिलने लगे ऑर्डर, दिन रात चल रहा काम

ताले के लिए तो अलीगढ़ मशहूर है ही मूर्तियों के लिए भी यहां की पहचान है। पिछले साल अलीगढ़ में मूर्ति कारोबार 70 करोड़ के करीब था लेकिन इस बार बढ़कर 100 करोड़ पहुंचने का अनुमान है।दीपावली पर अलीगढ़ में मूर्तियों का बड़ा कारोबार होने जा रहा है। जिस तरह से देश और विदेशों से ऑर्डर आ रहे हैं उस हिसाब से कारोबार 100 करोड़ के पार पहुंचेगा।



श्रीगणेश–लक्ष्मी, माता दुर्गा जी, श्रीराम परिवार, हनुमान जी, कुबेर जी, श्रीयंत्र, दीपक, मंदिर, सिंहासन, घंटी और पूजा पाठ का सजावटी सामान अभी से ही देश के कई हिस्सों में सप्लाई होने लगा है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और सिंगापुर के भी काफी ऑर्डर निर्यातकों को मिल चुके हैं। खास बात ये है कि आनलाइन मार्केट में भी अलीगढ़ में बनी मूर्तियां धूम मचा रही हैं। इस दिवाली 100 करोड़ के पार पहुंचेगा मूर्ति कारोबार, मिलने लगे ऑर्डर, दिन रात चल रहा काम इस दीपावली पर अलीगढ़ में मूर्तियों का बड़ा कारोबार होने जा रहा है। जिस तरह से देश और विदेशों से ऑर्डर आ रहे हैं उस हिसाब से कारोबार 100 करोड़ के पार पहुंचेगा।

श्रीगणेश–लक्ष्मी, माता दुर्गा जी, श्रीराम परिवार, हनुमान जी, कुबेर जी, श्रीयंत्र, दीपक, मंदिर, सिंहासन, घंटी और पूजा पाठ का सजावटी सामान अभी से ही देश के कई हिस्सों में सप्लाई होने लगा है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और सिंगापुर के भी काफी ऑर्डर निर्यातकों को मिल चुके हैं।

खास बात ये है कि आनलाइन मार्केट में भी अलीगढ़ में बनी मूर्तियां धूम मचा रही हैं। इस बार मूर्तियों की अच्छी डिमांड है। खरीददार अधिकतर श्रीराम की मूर्ति को प्राथमिकता दे रहे हैं, साथ ही अन्य मूर्तियां भी बिक रही हैं। – सुशील मित्तल, ब्रास कलेक्शन, समद रोड, अलीगढ़।

## अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ 19 सितम्बर 2024(सू0वि0)रू जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।उन्होंने नवीन दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पास. बुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्हा. ने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश बेबसाइट Shadianudan-upsdc-gov-पद पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी ने बरसात से हुए फसल नुकसान का किया स्थलीय निरीक्षण



अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तहसील कोल के ग्राम नगौला पहुँचकर अतिवृष्टि की वजह से फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व एवं बीमा कम्पनी के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फसल में हुए नुकसान का क्षेत्र में सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि फसलों में हुए नुकसान का आकलन शीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत तत्काल सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा सके। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चन्द्रपाल सिंह, तरूण कुमार, बृजेश कुमार, संजीव, संतोष कुमार, शिशुपाल, शिवकुमार एवं हरप्यारी देवी के खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व टीम को निर्देशित किया है कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ फसल के हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान तहसीलदार कोल अवनीश कुमार समेत कानूनगो एवं लेखपाल भी उपस्थित रहे।

# बारिश का असर मंडी में सब्जियों की आवक घटी, सब्जियां 80 से 100 रुपये किलो

## बारिश के कारण धनीपुर मंडी में सब्जी की आवक बहुत कम हो गई

बारिश के कारण बाहर से आने वाली सब्जियों की फसल खराब हो गई है। स्थानीय सब्जियों की भी यही हालत है। शिमला मिर्च, अचार वाली बड़ी मिर्च, हरी मिर्च, टमाटर, प्याज, धनिया, लोकी, नींबू आदि ज्यादातर सब्जियां बाहर से आ रही हैं। कारोबारियों की मानें तो बारिश के कारण धनीपुर मंडी में सब्जी की आवक

बहुत कम हो गई हबारिश के चलते सब्जियों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। फसल खराब होने से धनीपुर मंडी में आवक कम होना इसकी सबसे बड़ी वजह है। वर्तमान में केवल 25 फीसदी माल ही

आ रहा है। 18 सितंबर को धनीपुर मंडी में छोटी–बड़ी केवल सौ गाड़ियां ही सब्जी लेकर पहुंची, जबकि सामान्य दिनों में 400 गाड़ियों से सब्जी आती है। कद्दू के अलावा कोई भी सब्जी 80 और 100 रुपये किलो से कम नहीं है।बारिश के कारण बाहर से आने वाली सब्जियों की फसल खराब हो गई है। स्थानीय सब्जियों की भी यही हालत है। शिमला मिर्च, अचार वाली बड़ी मिर्च, हरी मिर्च, टमाटर, प्याज, धनिया, लोकी, नींबू आदि ज्यादातर सब्जियां बाहर से आ रही हैं।



कारोबारियों की मानें तो बारिश के कारण धनीपुर मंडी में सब्जी की आवक बहुत कम हो गई है। आम दिनों में 400 छोटी–बड़ी गाड़ियां मंडी में उतरती थी। लेकिन, फिलहाल 100 से भी कम गाड़ियां आ रही हैं। बारिश के चलते खेतों में पानी होने के कारण सब्जी की आवक कम हुई है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्र से भी आने वाली सब्जियों की आवक भी कम हुई है। बुधवार को धनीपुर मंडी में नींबू 100 से 150 रुपये किलो, धनिया 200 रुपये, टमाटर 50 से 60 रुपये और प्याज 60 से 70 रुपये प्रति किलो के भाव रहे।महाराष्ट्र, बनारस, कानपुर में फंसी गाड़ियांलगातार बारिश के कारण सब्जियों के ट्रक रास्ते में फंस गए हैं। महाराष्ट्र, बनारस, कानपुर, मध्य प्रदेश आदि स्थानों से आने वाली सब्जियां मंडी तक नहीं पहुंच पा रही है। जिसके कारण महाराष्ट्र से आने वाली अचार की मिर्च, शिमला मिर्च, टमाटर, कानपुर की लौकी, तोरई, महाराष्ट्र और एमपी से आने वाला प्याज महंगा हुआ है।फुटकर में 400 रुपये पहुंचे धनिया और लहसुन, गोभी 150, पालक 120 रुपये किलो18 सितंबर को क्वार्सी चौराहे पर धनिया 400, लहसुन 400, गोभी 150 रुपये, पालक 120 रुपये, कुर्ती की फली 80 से 100, तोरई 80, अरबी 80 रुपये तक, टमाटर 60, भिंडी और बैंगन 60, बंद गोभी 60, करेला 60, मूली 60 रुपये किलो के भाव में बिकी। अगर कद्दू यानी काशीफल को छोड़ दें, तो ज्यादातर सब्जियां 60 से 100 रुपये किलो बिक रही हैं। केवल काशीफल ही 40 रुपये किलो है।बारिश की वजह से धनीपुर मंडी में सब्जी की आवक कम हो गई है। पहले सब्जी 400 गाड़ियां रोज आ रही थी। अब केवल 25 फीसदी यानी 100 गाड़ियां ही आ रही हैं। सब्जी की

धनीपुर मंडी के थोक भाव
सब्जी एक सप्ताह पहले
अब आलू
25 रुपये 20 रुपये
टमाटर 50 रुपये
28 रुपये
प्याज 60 रुपये
40 रुपये
हरी मिर्च 60 रुपये
30 रुपये
धनिया 200 रुपये
100 रुपये
लौकी 30 रुपये 15
रुपये
कद्दू 40 रुपये 20
रुपये
तोरई 50 रुपये
25 शिमला मिर्च 100
40
नींबू 150
100

कमी होने से भाव बढ़ रहे हैं।–देवेश यादव, थोक कारोबारी धनीपुर मंडी।बा. रिश के कारण सब्जियों के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। बाहर से आने वाली सब्जियों की फसल खराब हो गई है। स्थानीय सब्जियां भी खत्म हो गई है।

# रिमांड मजिस्ट्रेट का आरोप दरोगा कह रहा था...पुलिस ने बड़े–बड़े अफसर ठीक कर दिए, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**अलीगढ़** । बन्ना देवी थाने के एक दरोगा द्वारा रिमांड मजिस्ट्रेट पर लगाए गए आरोपों के बाद 18 सितंबर को रिमांड मजिस्ट्रेट ने भी पलटवार करते हुए दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसएसपी और सीजेएम को भेजे शिकायती पत्र में मजिस्ट्रेट ने कहा है कि दरोगा ने कोर्ट में अभद्रता की। धमकी देते हुए कहा कि पुलिस ने बड़े बड़े अफसर ठीक कर दिए हैं। एक रिपोर्ट लिखा देंगे तो पता चल जाएगा।दरोगा और मजिस्ट्रेट के बीच का विवाद अब तूल पकड़ गया है। दरअसल 16 सितंबर की रात को बन्ना देवी थाने का दरोगा सचिन कुमार आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर बैठ गया था। सूचना पाकर थाने के इंस्पेक्टर और दरोगा भी वहां पहुंच गए। जब दरोगा से इंस्पेक्टर से पूछा तो उसने बताया कि वह बाइक चोरों की रिमांड लेने के लिए कोर्ट में मजिस्ट्रेट

के पास गया था। वहां मजिस्ट्रेट ने उसे परेशान किया। उसे धमकाया गया। उनके इस व्यवहार से वह दुखी है और आत्महत्या करने के लिए यहां आया है। सचिन ने मजिस्ट्रेट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर भी दे दी थी। अब 18 सितंबर को रिमांड मजिस्ट्रेट ने दरोगा सचिन पर आरोप लगाए हैं। अफसरों को भेजे पत्र में रिमांड मजिस्ट्रेट ने कहा है कि उपनिरीक्षक सचिन कुमार ने धमकी दी थी। इतना ही नहीं रिमांड प्रपत्र की जांच करे बिना ही रिमांड देने का दवाब तक बनाया था।

दरोगा बोला, पुलिस के पास इतना समय नहीं जो फालतू सूचनाएं जुटाए पुलिस के पास इतना समय नहीं जो फालतू सूचनाएं जुटाएअलीगढ़। रिमांड मजिस्ट्रेट ने दरोगा पर आरोप लगाया है कि जब मुकदमे से संबंधित सूचनाएं न होने पर दरोगा से पूछा गया तो उनका कहना था कि पुलिस के पास इतना फालतू समय नहीं है जो यह सूचनाएं इकट्ठा करे। पुलिस के पास और भी बहुत सारे काम होते हैं।दरअसल जब दरोगा द्वारा पेश किए गए रिमांड प्रपत्रों का अवलोकन रिमांड मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया तो उसमें कई कमियां पाई गईं थीं। जिन सूचनाओं का उल्लेख प्रपत्र में होना चाहिए था वह नहीं था। इतना ही नहीं अभियुक्तों की गिरफ्तारी की सूचना उनके परिवार वालों को दी गई या नहीं यह भी प्रपत्र में दर्ज नहीं था। जबकि इसका उल्लेख साफ तौर पर किया जाना चाहिए।हाईकोर्ट पहुंचा दरोगा–न्यायिक अधिकारी का विवादथाना बन्नादेवी में तैनात दरोगा सचिन कुमार और रिमांड मजिस्ट्रेट का विवाद हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। न्यायाधीश ने पूरी रिपोर्ट क्लब कर ली है। न्यायिक अफसरों से भी पूरी जानकारी की जा रही है।रिमांड मजिस्ट्रेट द्वारा भेजी गई रिमांड रिपोर्ट मिल गई है। इसकी जांच कराई जा रही है। पूरे प्रकरण की जानकारी जिला जज के संज्ञान में है। अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस मामले में अवगत करा दिया गया है। संपूर्ण जांच के बाद ही साफ होगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई तय की जाएगी



# अंतर्कलह से जूझती भाजपा, रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा सदस्यता अभियान

अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों अंतर्कलह से जूझ रही है। इसी के चलते महानगर अध्यक्ष की घोषणा होने के एक साल बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनाई जा सकी है। दूसरी ओर महत्व न मिलने से परेशान पुराने कार्यकर्ता भी पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए हैं। इसका असर पार्टी की सदस्यता अभियान पर दिखाई दे रहा है। महानगर में ढाई लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन मात्र 50 हजार ही सदस्य बनाए जा सके हैं।भाजपा ने 1 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया है। पार्टी ने अध्यक्ष, विधायक, सांसद तथा सभी जनप्रतिनिधियों को सदस्यता के टागरेट तय किए। 25 सितंबर तक सदस्यता का पहला चरण पूरा होगा। अक्तूबर माह में दूसरे चरण में घर–घर संपर्क अभियान चलेगा। चूंकि महानगर की नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है, इसलिए पुराने पदाधिकारियों को ही सदस्यता अभियान में जुटने के लिए कहा है।पार्टी के सदस्यता अभियान के लक्ष्य को समय से पूरा कर लिया जाएगा। पार्टी की ओर से डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है, लेकिन हमने ढाई लाख सदस्य बनाने का टारगेट तय किया है। समय से यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। सदस्यता अभियान में सभी की सहभागिता और सहयोग है।– राजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष सदस्यता अभियान बारिश के कारण पिछले कुछ दिनों से धीमा है, लेकिन टारगेट समय से पूरा कर लिया जाएगा।– मुक्ता राजा , शहर विधायकसदस्यता अभियान को नई तकनीकि से जोड़ा गया है, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प हैं। इसलिए समय से सदस्यता का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।– अनिल पाराशर, कोल विधायकपार्टी हाईकमान तक पहुंचाई जा रही पूरी जानकार भाजपा की बैठकों में नाराजगी जताने के मामले बार–बार सामने आए हैं। इसके बाद पूरी जानकारी पार्टी हाईकमान तक पहुचाई गई। पिछले दिनों क्षेत्र प्रभारी और प्रांत प्रभारी की बैठक में कुछ पुराने पदाधिकारियों ने महत्व न मिलने की व्यथा उठाई। इस दौरान



गरमा–गरमी भी हुई। हालांकि प्रभारियों ने समझाकर मामला शांत करा दिया, लेकिन हाईकमान तक पूरी जानकारी पहुंच गई। अभी भी हालात सामान्य नहीं दिखाई देते। जन्मदिन की दावत भी रही चर्चा में 16 सितंबर को महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा का जन्मदिन था। इसी दिन सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक रखी गई, जिसमें उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल हुए। दिनभर दावत का दौर के साथ ही कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में जुटने का संदेश भी शामिल था।

अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों अंतर्कलह से जूझ रही है। इसी के चलते महानगर अध्यक्ष की घोषणा होने के एक साल बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनाई जा सकी है। दूसरी ओर महत्व न मिलने से परेशान पुराने कार्यकर्ता भी पार्टी के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए हैं। इसका असर पार्टी की सदस्यता अभियान पर दिखाई दे रहा है। महानगर में ढाई लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन मात्र 50 हजार ही सदस्य बनाए जा सके हैं।भाजपा ने 1 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया है। पार्टी ने अध्यक्ष, विधायक, सांसद तथा सभी जनप्रतिनिधियों को सदस्यता के टागरेट तय किए। 25 सितंबर तक सदस्यता का पहला चरण पूरा होगा। अक्तूबर माह में दूसरे चरण में घर–घर संपर्क अभियान चलेगा। चूंकि महानगर की नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है, इसलिए पुराने पदाधिकारियों को ही सदस्यता



अभियान में जुटने के लिए कहा है।पार्टी के सदस्यता अभियान के लक्ष्य को समय से पूरा कर लिया जाएगा। पार्टी की ओर से डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है, लेकिन हमने ढाई लाख सदस्य बनाने का टारगेट तय किया है। समय से यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। सदस्यता अभियान में सभी की सहभागिता और सहयोग है।– राजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष सदस्यता अभियान बारिश के कारण पिछले कुछ दिनों से धीमा है, लेकिन टारगेट समय से पूरा कर लिया जाएगा।–

**मुक्ता राजा** , शहर विधायकसदस्यता अभियान को नई तकनीकि से जोड़ा गया है, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प हैं। इसलिए समय से सदस्यता का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।– अनिल पाराशर, कोल विधायकपार्टी हाईकमान तक पहुंचाई जा रही पूरी जानकार भाजपा की बैठकों में नाराजगी जताने के मामले बार–बार सामने आए हैं। इसके बाद पूरी जानकारी पार्टी हाईकमान तक पहुचाई गई। पिछले दिनों क्षेत्र प्रभारी और प्रांत प्रभारी की बैठक में कुछ पुराने पदाधिकारियों ने महत्व न मिलने की व्यथा उठाई। इस दौरान गरमा–गरमी भी हुई। हालांकि प्रभारियों ने समझाकर मामला शांत करा दिया, लेकिन हाईकमान तक पूरी जानकारी पहुंच गई। अभी भी हालात सामान्य नहीं दिखाई देते। जन्मदिन की दावत भी रही चर्चा में 16 सितंबर को महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा का जन्मदिन था। इसी दिन सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक रखी गई, जिसमें उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल हुए। दिनभर दावत का दौर के साथ ही कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में जुटने का संदेश भी शामिल था।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जन नायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ, ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें–
**अमित कुमार वर्मा**
**सम्पादक**
मो. 8218049162, 8273402499

**जन नायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंग प्रेस, अचल ताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित।
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।